**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 721**
**उत्तर देने की तारीख : 24.07.2025**

**उद्यम पोर्टल**

721. **श्री थरानिवेंथन एम.एस.:**
**डॉ. भोला सिंह:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उद्यम योजना/पंजीकरण पोर्टल की विशेषताएं क्या हैं;

(ख) संपूर्ण देश में और तमिलनाडु में इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) उद्यम पोर्टल के शुभारंभ के बाद से इस पर पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश सहित राज्यवार संख्या कितनी है;

(घ) संपूर्ण देश में इस योजना की प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या यह योजना देश के एमएसएमई क्षेत्र के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) उत्तर प्रदेश में कृषि आधारित और ग्रामीण एमएसएमई की सहायता किए जाने के लिए प्रमुख पहलें क्या हैं?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क): दिनांक 1 जुलाई, 2020 को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ने एक लागत मुक्त, कागज रहित और पूरी तरह से डिजिटल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, उद्यम पंजीकरण पोर्टल (यूआरपी) की शुरुआत की है, जिस पर कोई भी उद्यम स्वयं को एमएसएमई के रूप में पंजीकृत कर सकता है।

(ख) और (ग) : उद्यम पंजीकरण लागत मुक्त पोर्टल है, और कोई भी स्वयं पंजीकरण कर सकता है। इसके लिए कोई धनराशि स्वीकृत, आवंटित और प्रयुक्त नहीं की जाती है। दिनांक 18.07.2025 तक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश भर में यूआरपी पर पंजीकृत एमएसएमई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ) और (ङ): उद्यम ने एमएसएमई को पहचान प्रदान की है और यह देश भर में एमएसएमई क्षेत्र को सक्षम बनाता है। यूआरपी पर पंजीकरण के बाद, कोई भी उद्यम मंत्रालय की योजनाओं का लाभ उठाने हेतु पात्र हो जाता है, बशर्ते कि वह दिशानिर्देशों में परिभाषित पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो।

(च): केंद्र सरकार अपनी विभिन्न स्कीमों, कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से एमएसएमई को सहयोग देने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के प्रयासों में सहायता प्रदान करती है। एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) देश में कृषि-आधारित और ग्रामीण उद्यमों को सहयोग देने की एक प्रमुख पहल है। उत्तर प्रदेश राज्य में पीएमईजीपी के अंतर्गत सहायता प्राप्त इकाइयों का विवरण नीचे दिया गया है:

| वित्त वर्ष | संवितरित मार्जिन मनी सब्सिडी (करोड़ रुपए में) | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | अनुमानित रोजगार सृजित |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 378.66 | 11,601 | 92,808 |
| 2023-24 | 435.29 | 11,689 | 93,512 |
| 2024-25 | 219.09 | 5,518 | 44,144 |

*****

अनुबंध

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 721, जिसका उत्तर दिनांक 24.07.2025 को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

**दिनांक 01.07.2020 से दिनांक 15.07.2025 तक यूएपी सहित यूआरपी पर पंजीकृत एमएसएमई की राज्य-वार संख्या का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 19,261 | 157 | 3 | **19,421** |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 33,60,676 | 16,491 | 942 | **33,78,109** |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 39,037 | 344 | 19 | **39,400** |
| 4 | असम | 11,83,889 | 6,523 | 519 | **11,90,931** |
| 5 | बिहार | 35,73,259 | 11,635 | 560 | **35,85,454** |
| 6 | चंडीगढ़ | 68,200 | 1,247 | 124 | **69,571** |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 11,35,360 | 8,198 | 701 | **11,44,259** |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 29,903 | 901 | 132 | **30,936** |
| 9 | दिल्ली | 11,91,761 | 27,734 | 2,689 | **12,22,184** |
| 10 | गोवा | 1,12,106 | 1,094 | 79 | **113,279** |
| 11 | गुजरात | 36,99,208 | 53,058 | 4,124 | **37,56,390** |
| 12 | हरियाणा | 16,69,870 | 22,580 | 1,729 | **16,94,179** |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 2,91,899 | 2,507 | 208 | **294,614** |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 7,36,820 | 3,162 | 203 | **740,185** |
| 15 | झारखंड | 13,17,404 | 5,758 | 349 | **13,23,511** |
| 16 | कर्नाटक | 43,32,188 | 30,775 | 2,238 | **43,65,201** |
| 17 | केरल | 15,76,019 | 12,627 | 744 | **15,89,390** |
| 18 | लद्दाख | 18,480 | 112 | 2 | **18,594** |
| 19 | लक्षद्वीप | 2,208 | - | - | **2,208** |
| 20 | मध्य प्रदेश | 41,33,259 | 19,307 | 1,150 | **41,53,716** |
| 21 | महाराष्ट्र | 85,51,716 | 72,793 | 6,694 | **86,31,203** |
| 22 | मणिपुर | 1,47,987 | 412 | 17 | **1,48,416** |
| 23 | मेघालय | 53,908 | 393 | 34 | **54,335** |
| 24 | मिजोरम | 44,951 | 207 | 6 | **45,164** |
| 25 | नागालैंड | 60,701 | 170 | 16 | **60,887** |
| 26 | ओडिशा | 20,44,179 | 9,787 | 581 | **20,54,547** |
| 27 | पुडुचेरी | 94,030 | 654 | 62 | **94,746** |
| 28 | पंजाब | 18,22,767 | 16,546 | 1,205 | **18,40,518** |
| 29 | राजस्थान | 37,35,958 | 26,543 | 1,598 | **37,64,099** |
| 30 | सिक्किम | 28,908 | 158 | 13 | **29,079** |
| **31** | **तमिलनाडु** | **52,70,701** | **38,540** | **2,735** | **53,11,976** |
| 32 | तेलंगाना | 25,47,334 | 19,604 | 1,749 | **25,68,687** |
| 33 | त्रिपुरा | 271,441 | 679 | 45 | **272,165** |
| **34** | **उत्तर प्रदेश** | **70,62,336** | **39,018** | **2,475** | **71,03,829** |
| 35 | उत्तराखंड | 539,209 | 3,945 | 270 | **543,424** |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 45,53,732 | 23,323 | 1,706 | **45,78,761** |
| | **कुल:-** | **6,53,20,665** | **4,76,982** | **35,721** | **6,58,33,368** |

रिपोर्ट दिनांक:- 18/07/2025 06:20 बजे अपराह्न दिनांक 01.04.2025 से प्रभावी संशोधित मानदंडों के आधार पर

स्रोत: उद्यम पंजीकरण पोर्टल